SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703 Academic session 2024-25
WORKSHEET 8
(PT 1 – TERM 2)

Std : 6

DATE -

SUBJECT : HINDI

Prepared by: DEEPIKA MEHRA

L .No. (पाठ-८ झाँसी की रानी (कविता) पाठ -१२ कारक

प्रश्न-१) निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए |

क. गुमी हुई ख. फिरंगी ग. सुभट घ. काल गति

प्रश्न-२) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |

क. लक्ष्मीबाई को किसकी गाथाएँ जुबानी याद थी ?

अ. महाराणा प्रताप ब. शिवाजी स. छत्रसाल द. बाजीराव

ख. रानी पर पीछे से हमला किसने किया ?

अ. दोहकर ने ब. डलहौजी ने स. ह्यूरोज ने द. जनरल स्मिथ ने

ग. कालपी पर विजय पाने के बाद रानी कहाँ गई थी ?

अ. ग्वालियर ब. आगरा स. कानपुर द. सहारनपुर

प्रश्न-३) दिए गए प्रश्नों के उत्तर २-३ वाक्यों में लिखिए |

क. झाँसी की रानी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती हैं ?

ख. ब्रिटिश सरकार ने झाँसी के दुर्ग पर झंडा क्यों फहराया ?

ग. भारतियों ने अंग्रेजों को भारत से दूर करने का निश्चय क्यों किया था ?

प्रश्न-४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |

क. अंग्रेजों के कुचक्र के विरुद्ध रानी ने अपनी वीरता का परिचय कैसे दिया ?

ख. झाँसी की रानी के जीवन की कहानी अपने शब्दों में लिखो ?

प्रश्न-५) दिए गए वाक्यों में कारक के भेद पहचानकर लिखिए |

क. खान से कोयला निकलता है |

ख. वह डाकू की पिस्तौल से डर गया |

ग. पुत्र ने माता जी को पत्र लिखा |

घ. दानी ने गरीबों को भरपेट भोजन दिया |

प्रश्न -६) सही कारक चिह्न लिखकर वाक्यों को शुद्ध कीजिए |

क. तुमको तो कमाल को कर दिया |

ख. उस गिलास पर थोड़ा पानी है |

ग. सुबह का नज़ारा दूर ने अधिक सुंदर दिखाई पड़ता है |

घ. डिस्कवरी चैनल ने देखो |

प्रश्न -७) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |

अ. 'राम ने श्याम को मारा।' वाक्य में कौन-सा कारक है?

(क) कर्ता कारक (ख) कर्म कारक (ग) करण कारक (घ) अपादान कारक

ब. 'को' और 'के लिए' किस कारक का चिह्न है ?

(क) कर्म (ख) सम्प्रदान (ग) सम्बन्ध (घ) करण

स. ' हे राम! रक्षा करो।' वाक्य में कौन-सा कारक है?

(क) कर्ता (ख) अपादान (ग) सम्बोधन (घ) अधिकरण

द. 'वह अगले साल आएगा' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(क) कर्म कारक (ख) अपादान कारक (ग) सम्बन्ध कारक (घ) अधिकरण कारक